पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिला सीआईआई का प्रतिनिधिमण्डल

प्रदेश में कृषि आधारित उद्योग लगाने पर चर्चा

लखनऊः 01 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में सुश्री रूमझुम चटर्जी अध्यक्ष कांफेडरेशन ऑफ इण्डियन इंडस्ट्री उत्तर भारत क्षेत्र के नेतृत्व में 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने भेट की तथा प्रदेश में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। ज्ञातव्य है कि प्रतिनिधिमण्डल के वरिष्ठ सदस्यगण प्रदेश में औद्योगिकीकरण विकास और उसमें सहयोग करने की दृष्टि से प्रदेश के दौरे पर आये हैं।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योग की बृहद् संभावनायें हैं, प्रतिनिधिमण्डल इनका गंभीरता से अध्ययन करें। प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है तथा राज्य को केन्द्र से आवश्यकतानुसार बिजली उपलब्ध हो रही है। दुग्ध उत्पादन में प्रदेश का प्रथम स्थान है। इस दृष्टि से दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ से अच्छी आय हो सकती है। मत्स्य एवं मुर्गी पालन आदि ऐसे उद्योग हैं जिनमें कम खर्च एवं कम समय में अधिक लाभ कमाया जा सकता है। प्रदेश में मुर्गी पालन बढ़ने से अन्य प्रदेशों से अण्डों का आयात कम हुआ है। उन्होंने कहा कि मत्स्य एवं मुर्गी पालन निवेश बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

श्री नाईक ने कहा कि प्रदेश का लगभग हर जिला किसी न किसी उत्पाद के लिए जाना जाता है। जरूरत है कि इन उत्पादों में नवप्रवर्तन व तकनीक के आधार पर व्यापक सुधार किया जाये। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग की असीम संभावनायें हैं। कृषि विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में सहयोग कर सकते हैं। रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उद्योग एवं विश्वविद्यालय आपस में समन्वय करके एक-दूसरे के पूरक बने। प्रदेश के विश्वविद्यालय और कृषि विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रम में ऐसे विषयों का समावेश करें जिससे बेरोजगारी दूर करके रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष सुश्री रूमझुम चटर्जी के साथ श्री अतुल मेहरा, श्री जय अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल, श्री सी0पी0 गुप्ता, श्री अनीस चौधरी, श्री किरन चोपड़ा, श्री बाबू खान, श्री विनीत भारद्वाज एवं श्री आलोक शुक्ला सदस्य के रूप में सम्मिलित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (231/01)